# Notice

Date: 30 August 2023

All students are informed that a Career Counseling Session by the Faculty of Arts will be held on 2nd September 2023 at College Auditorium on 11.00 AM. The session will cover career opportunities in Civil Services, Academia, NGOs, and more. Interested students, especially from social science streams, are encouraged to attend. For details, contact the Career Counseling Cell.

Principal
Government Degree College Sunni

PRINCIPAL
ATAL BIHARI VAJPAYEE
GOVT. COLLEGE SUNNI
DIST. SHIMLA (H.P.)

# **Notice**

Date: 06-09 2023

All students are hereby informed that a Career Counseling Session by the Faculty of Commerce will be held on 11th September 2023 at Room no 203 on 11.30 AM. The session will cover career opportunities in Finance, Management, Banking and more. Interested students, especially from Commerce stream are encouraged to attend. For details, contact the Career Counseling Cell.

Principal
Government Degree College Sunni

PRINCIPAL
ATAL BIHARI VAJPAYEE
GOVT. COLLEGE SUNNI
DIST. SHIMLA (H.P.)

# Notice

Date: 06 -09- 2023

All students are informed that a Career Counseling Session by the Faculty of Science will be held on 12th September 2023 in Room No.204 on 11.30 AM. The session will cover career opportunities in Science and Technology, Medicine and more. Interested students, especially from science streams, are encouraged to attend. For details, contact the Career Counseling Cell.

RSharma

Principal
Government Degree College Sunni

PRINCIPAL
ATAL BIHARI VAJPAYEE
GOVT. COLLEGE SUNNI
DIST. SHIMLA (H.P.)

2.12(1)

# सुन्नी कॉलेज में वित्तीय साक्षरता शिविर

**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में वाणिज्य विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पूंजी बाजार से अवगत करवाना तथा सावधानीपूर्वक प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय करने से संबंधित जानकारी देना था। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कहुनाग के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को पूंजी बाजार से संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया और उन्हें बचत करने तथा समय पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने पूंजी बाजार में निवेश करने के लिए जरूरी दस्तावेज तथा प्रक्रिया की भी जानकारी दी। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग तथा अर्थशास्त्र विभाग के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र के अध्यापक भी मौजूद रहे।

# पद्मश्री नेकचंद ने स्वयंसेवियों को बताया प्राकृतिक खेती का महत्त्व



एनएसएस शिविर में स्रोतवक्ता पद्मश्री नेकचंद स्वयंसेवकों के साथ • जागरण

**जागरण संवाददाता, शिमला** : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। शिविर में रविवार को स्रोतवक्ता पद्मश्री नेकराम शर्मा रहे। इस वर्ष प्राकृतिक खेती के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनका पारंपरिक फसल प्रणाली को पुनर्जीवित करने में अतुलनीय योगदान है और अपने इन्हीं बहुमूल्य विचारों को उन्होंने महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं स्वयंसेवियों के बीच साझा किया। उन्होंने स्वयंसेवियों को प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाया और जीवन में स्वस्थ रहने के लिए रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती की तकनीक को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने खानपान में मोटे अनाज को शामिल करने का सुझाव दिया। खानपान की आदत सुधार कर किस तरह गंभीर रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। कार्यक्रम में डा. प्रवीण शर्मा, प्रो. सुमित्रा शर्मा, प्रोफेसर मोनिका, प्रो. कविता सैनी, प्रो. चुन्नी, प्रो. सुस्मिता, प्रो. राजेंद्र, अधीक्षक ग्रेड 1 संदेश, अधीक्षक ग्रेड 2 जितेंद्र, एनसीसी यूनिट, रोवर एंड रेंजर्स यूनिट, एनएसएस यूनिट के स्वयंसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. उज्ज्वल राठौर ने सभी स्वयंसेवियों से वचनबद्धता करवाई कि वह अपने जीवन में उनके विचारों को आत्मसात करेंगे और प्रकृति के संरक्षण में योगदान देंगे।

# डिग्री कॉलेज सुन्नी में वितीय साक्षरता संगोष्ठी आयोजित



आवाज जनादेश सुन्नी

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में वाणिज्य विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पूंजी बाजार में अवगत करवाना तथा सावधानीपूर्वक प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय करने में संबंधित जानकारी देना था। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माहुनाग के प्रधानाचार्य नरेंद्र मिश्र ने विद्यार्थियों को पूंजी बाजार में संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया और उन्हें बचत करने तथा समय पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने पूंजी बाजार में निवेश करने के लिए जरूरी दस्तावेज तथा प्रक्रिया की भी जानकारी दी। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग तथा अर्थशास्त्र विभाग के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र के अध्यापक भी मौजूद रहे ।

# मोटे अनाजों को अपनाना आवश्यक

## कॉलेज में एनएसएस के शिविर में नेक राम शर्मा ने बतौर रिसोर्स पर्सन की शिरकत

महेंद्र कुमार, सुन्नी

रोग रहित रहने के लिए विलुप्त हो रहे मोटे अनाजों को अपनाना अति आवश्यक है। मोटे अनाज फाइबर युक्त और मानव शरीर के लिए आवश्यक मिनरल्स, विटामिन्स और रोग कारक तत्व से भरपूर होते हैं। हमें रसायन युक्त अनाज छोड़ रसायन मुक्त अनाज और सब्जियां अपनाने की अत्यंत आवश्यकता है। आज हर ग्रामीण और शहरवासी बीमारियों के मकड़जाल में फंसा हुआ है।

इन बीमारियों के पीछे सही खानपान और रहन सहन का न होना मुख्य कारण है। खेतों में रसायन प्रयोग करके अपना स्वास्थ्य और वातावरण दूषित कर रहे हैं। यह बात अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत करते हुए पद्म श्री से अलंकृत नेक राम शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों को प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाया और जीवन में स्वस्थ रहने के लिए रसायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती की तकनीक को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को अपने खान पान में मोटे अनाज को सम्मिलित करने का सुझाव दिया और बताया कि वह अपने खान पान की आदत सुधार कर गंभीर रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। पारंपरिक कृषि प्रणाली को पुनर्जीवित करने में अतुलनीय योगदान है और अपने इन्हीं कल्याणकारी विचारों को उन्होंने आज महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं स्वयंसेवकों के साथ साझा किया।



सुन्नी कॉलेज में स्वयंसेवकों को संबोधित करते पदमश्री नेक राम शर्मा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण शर्मा, प्रो. सुनीता शर्मा, प्रो. मोनिका, प्रो. कोमल सेन, प्रो. पूनम, प्रो. मोनिका, प्रो. ... कार्यक्रम अधिकारी एवं ... अधिकारी ... एनएसएस यूनिट, रोवर एंड रेंजर्स यूनिट, एनसीसी यूनिट के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


N.S.S.
GPS Map Camera
Suni, Himachal Pradesh, India
64W9+QQH, Suni, Himachal Pradesh 171301, India
Lat 31.246522°
Long 77.119342°
24/12/23 02:14 PM GMT +05:30
Google